इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4006

2 मई, 2013 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड की हिस्सेदारी बेची जाना

4006. श्री धीरज प्रसाद साहू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) की 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने का विचार/योजना है; और;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और क्या ऐसा करने से कंपनी अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल कर लेगी ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) और (ख): आर्थिक मामलों पर मंत्रिमण्डल समिति (सीसीईए) ने दिनांक 19.07.2012 को आयोजित अपनी बैठक में सेबी के नियमों एवं विनियमों के अनुसार स्टॉक एक्सचेंज के जरिए शेयरों की बिक्री के लिए एक प्रस्ताव के माध्यम से सरकार की 85.82 प्रतिशत शेयरधारिता में से स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की 10.82 प्रतिशत इक्विटी-पूंजी के डाइवेस्ट के एक प्रस्ताव का अनुमोदन किया था। मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएम) ने दिनांक 20.3.2013 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदन किया कि प्रस्ताव के आकार को सेल की प्रदत्त इक्विटी पूंजी के 5.82 प्रतिशत पर रखा जा सकता है। तद्नुसार, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में सरकार के 85.82 प्रतिशत शेयरों में से 5.82 प्रतिशत शेयरों को दिनांक 22 मार्च, 2013 को स्टॉक एक्सचेंज मैकेनिज्म के जरिए "बिक्री प्रस्ताव" के माध्यम से डाईवेस्ट किया गया है।

****